# चित्रकला

## केवल प्रश्न पत्र
## कक्षा–10

{समयः तीन घण्टे} { पूर्णांकः 70}

**निर्देश**–(1) प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभाजित है। इनमें से खण्ड– 'क' का प्रश्न अनिवार्य है। खण्ड–'ख' और खण्ड–'ग' में से किसी एक खण्ड का ही प्रश्न हल करना है।

(2) खण्ड 'क' के 'प्राकृतिक दृश्य– चित्रण' अथवा ' आलेखन' अथवा 'प्राविधिक चित्रकला में केवल एक का ही चित्रण करना है।

(3) खण्ड 'ख' के 'स्मृति चित्रण' अथवा खण्ड ग के ' भारतीय चित्रकला में से किसी एक का ही उत्तर देना है।

### खण्ड 'क'

### अनिवार्य

### ''प्राकृतिक दृश्य–चित्रण''

1– अपनी ड्राइंग शीट पर चारों ओर समान हाशिया छोड़ते हुए बीचों–बीच में 20 सेमी0X15 सेमी0 का एक आयत बनाइए। इसमें निम्नलिखित ' प्राकृतिक–दृश्य चित्रण' जलरंगों अथवा पेस्टल रंग से तैयार कीजिए। चित्रांकन स्वच्छ, सुन्दर एवं प्राकृतिक होना चाहिए। दृश्य चित्र में जलरंगों का अथवा पेस्टल रंगों का प्रयोग कीजिए।

''सूर्योदय के समय का ग्रामीण दृश्य, झील के किनारे गांव की झोपड़िया, दूरी पर कुछ वृक्ष ओर झील में एक नौका।''

**चित्रांकन में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिएः–**

| | | |
|---|---|---|
| अ– | सही रेखाकन एवं परिप्रेक्ष्य | 15 अंक |
| ब– | संयोजन | 7½ अंक |
| स– | सुसंगत रंगों का प्रयोग | 15 अंक |
| द– | सामान्य प्रभाव। | 7½अंक |

अथवा

(आलेखन)

16 सेमी0 भुजा क एक वर्ग में एक पूर्ण इकाई वाले मौलिक आलेखन की रचना कीजिए जो किसी भारतीय पुष्प, उसकी पत्तियों एवं कलियों एवं पत्तियों पर आधारित हो। आलेखन कपडे की चादर पर छपाई के लिए उपयुक्त हो। आलेखन में तीन जलरंगो का प्रयोग कीजिए।

आलेखन बनाते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिएः–

| | | |
|---|---|---|
| **अ–** | मौलिकता | 15 अंक |
| **ब–** | संयोजन | 7½ अंक |
| **स–** | उत्तम रंग संगति | 15 अंक |
| **द–** | सामान्य प्रभाव एवं आकर्षण। | 7½अंक |

अथवा

'(प्राविधिक कला)'

**सूचनाः**–निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों की रचना कीजिए। आकृतियों मे रेखाएं स्पष्ट तथा साफ खींची जायं। आकृतियों में प्रयुक्त सहायक रेखाएं मिटाई न जायं। रफ कार्य श्वेत फुलस्केप पेपर पर कीजिए। इसे भी अपने उत्तर पत्र के साथ संलग्न कर दीजिए।

3X15=45

अ– वृत्त अ 3 सेमी0 त्रिज्या तथा वृत्त ब 2 सेमी0 त्रिज्या की रचना कीजिए। वृत्त अ तथा ब, के केन्द्रों की दूरी 6 सेमी0 है। वृत्त अ तथा वृत्त ब की बाह्य समान्य स्पर्शी रेखाएं खीचिए।

ब– एक चाप का अर्धव्यास 3 सेमी0 है। दिये गये चाप के बराबर एक सरल रेखा की रचना कीजिए।

स– एक त्रिभुज अ ब स की तीन भुजाएं 4 सेमी0 3 सेमी0 तथा 3.5 सेमी रचना कीजिए। त्रिभुज अ ब स के क्षेत्रफल के बराबर एक आयत की रचना कीजिए।

द– एक समषट्भुज अ ब स द य र की रचना कीजिए जिसकी एक भुजा 2.5 सेमी है। समषट्भुज के अन्तर्गत तीन समान वृत्त खींचिए जबकि उनमें से प्रत्येक वृत्त समषट्भुज की दो भुजाओं और दो अन्य वृत्तों का स्पर्श करें।

य– एक साधारण मापनी की रचना कीजिए जिसमें 2.5 सेमी 1 डेकामीटर को प्रदर्शित करता है। मापनी की निरूपक भिन्न ज्ञात कीजिए। मापनी पर 4 डेकामीटर 5 मीटर की दूरी प्रदर्शित कीजिए।

## खण्ड'ख'
## ''स्मृति चित्रण''

2–अ– निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति–चित्र पेंसिल द्वारा बनाइये। चित्र 15 सेमी से छोटा न हो। आकृतियों की अनुरूपता पर एवं रेखा सौष्ठव पर क्रमशः 6 एवं 6 अंक निर्धारित है।

1–सुराही 12½अंक

2–कूकर

3–बाल्टी एवं मग

4–कड़ाही।

ब– निम्नलिखित में से किसी एक का स्मृति चित्र पेंसिल द्वारा बनाइए। चित्र 15 सेमी से छोटा न हो। आकृतियों की अनुरूपता पर एवं रेखा सौष्ठव पर क्रमशः 6 अंक एवं 6½ अंक निर्धारित है।

1–आम पत्तियों सहित 12½अंक

2–सन्तरा

3–लौकी

4–बैगन

## खण्ड 'ग'
## ''भारतीय चित्रकला''

**3 अ–** भारतीय चित्रकला की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए 15 अंक

**अथवा**

मुगल चित्रकला पर एक निबन्ध लिखिए।

**अथवा**

उत्तर–प्रदेश के प्रमुख प्रागैतिहासिक चित्रों के केन्द्रों का वर्णन कीजिए।

**ब–** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिये गये है। सही विकल्प का चयन कर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए– 1X10 =10 अंक

1– चित्रलेखा नामक चित्रकार का उल्लेख किस काव्य में आता है?

**अ**–रामायण **ब**–महाभारत **स**–गीता **द**–रामचरितमानस

2– बंगाल शैली के प्रवर्तक कौन थे?

**अ**–नन्दलाल बोस **ब**–यामिनी राय **स**–असित कुमार हाल्दार **द**–अवनीन्द्रनाथ

3— मुगल कला के प्रसिद्ध चित्रकार थे—

**अ**—रामलाल **ब**—मंसूर **स**—संसार चन्द्र **द**—अयोध्या

4— किशनगढ़ शैली के प्रमुख चित्रकार थे—

**अ**—विशनदास **ब**—सावंत दास **स**—हरिदास **द**—मंसूर

5— अजन्ता की गुफाओं की कुल संख्या कितनी है?

**अ**—29 **ब**—30 **स**—15 **द**—12

6— उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी किस जिले में स्थित है?

**अ**—आगरा **ब**—वाराणसी **स**—लखनऊ **द**—इलाहाबाद

7— 'कला' शब्द किस भाषा का है?

**अ**—संस्कृत **ब**—हिन्दी **स**—अंग्रेजी **द**—मराठी

8— इनमें से शीतल रंग कौन—सा है?

**अ**—लाल **ब**—नारंगी **स**—पीला **द**—हरा

9— सफेद का विरोधी रंग कौन सा है?

**अ**—भूरा **ब**—बैंगनी **स**—काला **द**—लाल

10— 'बनी—ठनी' चित्र किस शैली से सम्बन्धित है?

**अ**—मुगल शैली **ब**—किशनगढ शैली **स**—कांगड़ाशैली **द**—अपभ्रंशशैली

..........................................................................